# भारत स्काउट की कार्यशाला, निकाली रैली



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारत स्काउट एवं गाइड तथा युनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में भारत स्काउट एवं गाइड राज्य मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार मिशन लाईफ के अन्तर्गत क्लैप प्रोजेक्ट योजना के तहत मध्य प्रदेश के 13 जिलो का चयन किया गया है।

जिसमें छिन्दवाड़ा जिले राष्ट्रीय स्तर के कार्यकम क्लैप कार्यशाला का आयोजन जिला स्तर पर गोपाल सिंह बघेल जिला शिक्षा अधिकारी छिन्दवाड़ा एवं सत्येन्द्र सिंह मरकाम सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में निर्देशानुसार जलवायु परिवर्तन पर कार्यशाला का 5 दिवसीय आयोजन जिला स्तर पर पुराना जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्काउट गाइड प्रशिक्षण केन्द्र डाईट परिसर छिन्दवाड़ा में किया जा रहा है जिसमे जिले से चयनित 25 स्काउट एवं 25 गाइड एवं 10 प्रशिक्षक कुल 60 कार्यशाला में क्लैप लीडर के रूप में वर्कशाप में सहभागिता कर रहे है मुख्य अतिथी के रूप में गोपालसिंह बघेल जिला शिक्षा अधिकारी तुकाराम दुर्गे राज्य उपाध्यक्ष, विनोद तिवारी जिलासंघ अध्यक्ष, भारत स्काउट गाइड के उपस्थिती में कार्यशाला का शुभारंभ स्काउटींग परम्परा के अनुसार स्कार्फवागल लगाकर अतिथियों का स्वागत किया गया कार्यशाला में मिशन लाईफ के सात बिन्दु एवं राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा प्रदान किये गय पाठकम अनुसार सभी विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई फिर सभी दल ने गुप डिस्कशन के माध्यम क्लाइमेट चेंज एवं वर्कशाप में एक्शन प्लान तैयार किया गया।

जिसमें प्रथम दिवस सेव एनर्जी तथा वाटर सेव पर जागरूकता लाने पर कार्ययोजना बनाई गई द्वितिय दिवस पर सिंगल युज प्लास्टिक रिड्युज करने पर कार्यशाला में प्रोजेक्टर के माध्यम से समझाया गया जिसमें नेशनल वर्कशाप से रिया कनौजिया तथा नरेन्द्र कुमार शर्मा जिला संगठन आयुक्त स्काउट छिन्दवाड़ा राजेन्द्र सरवरे जिला सचिव ममता पटले, रामकिशोर धुर्वे क्लायमेट, श्रीमती अजू राजपूत, राजेन्द्र सोनी, नकुल खापरे, क्लाइमेट चैनज लीडर के रूप में वर्कशाप कार्यशाला का संचालन किया गया कार्यशाला में उपस्थित जिला संघ अध्यक्षय के द्वारा उपस्थित क्लैप लीडर को संबोधित करते हुय कहा गया कि आज हमें जलवायु परिवर्तन के बारे में गंभीरता से सोचने की अवश्यकता है यदि समय रहते हुये इस पर हमारे युवा सथी के द्वारा कार्य नहीं किया गया तो हमे बड़ी कठिनाईयों का समना करना पड़ेगा सिंगल यूज प्लास्टीक पर चर्चा करते हुय कहा कि यदि हमें कोई समान लेने बजार जाना है तो हम प्लास्टिक पन्नी के स्थान पर कपड़े के बैंग का उपयोग करे तभी हम सिंगल यूज प्लास्टिक पर काबू पा सकते है हमारे स्काउट गाइड के छात्र जो यह क्लैप लीडर के रूप में तैयार हो रहे है आज क्लैप लीडर स्काउट गाइड के छात्र छात्राओं के द्वारा रैली का अयोजन किया गया जिसमें बी.टी.आई. परिसर से रैली का शुभारंभ किया गया रैली आदिवासी म्यूजियम कलोनी प्रोफेसर कलोनी में क्लैप लीडर के द्वारा घर घर जाकर पानी बचाओं सेव एनर्जी के उपर चर्चा की गई रैली या नुक्कड नाटक के माध्यम से सभी को जागरूक करने का कार्य करेंगे।

# इंदिरा गांधी की जयंती पर पुष्पांजली अर्पित की नकुल कमलनाथ ने



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी को उनकी जयंती पर म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने पुष्पांजलि अर्पित की। महज ग्यारह वर्ष की आयु में ही इंदिरा गांधी जी ने ब्रिटिश शासन का विरोध करने के लिये बच्चों की वानर सेना बनाई थी।

स्व. इंदिरा गांधी के भीतर गजब की राजनीतिक दूरदर्शिता थी। उन्होंने बैंकों के राष्ट्रीयकरण से लेकर अनेक दृढ़ फैसलें लिये जिन्हें आज भी याद किया जाता है। गरीबी मुक्त भारत उनका सबसे बड़ा सपना था जो आज भी पूरा नहीं हो पाया, जबकि समय के साथ गरीबी और अमीरी की खाई लगातार बढ़ती जा रही और इस खाई को अब पाटना और भी मुश्किल होता जा रहा है।

सार समाचार

## खामी और बिनेकी पंचायत में लाखों की धांधली, सी सी रोड सहित निर्माण कार्यो और मनरेगा कार्यो का लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** जनपद अमरवाड़ा अंतर्गत निर्माण कार्य और मनरेगा कार्यो में ग्रामीणों द्वारा निर्माण एजेंसी और पंचायत कर्मियों पर धांधली के आरोप लगाए गए हैं। यह आरोप खामी और विनेकी पंचायत में लगाए गए हैं। इन मामलों को लेकर ग्रामीणों में खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है। खामी के केकड़ा ग्राम में बनी राज्यसभा सांसद मद से अलग-अलग मोहल्ले में बनी तीन सड़क लगभग 10 लाख रुपयों के लागत की पूरी तरह बंदरबाट कर दी गई। महज कुछ दिनों पहले बनी सड़क अब धीरे-धीरे चटक रही है। इसके अलावा तराई ना होने से पैरों से ही गिट्टी बाहर उखड़ रही है। जिसको लेकर सड़क के आइट साइड रह रहे ग्रामीणों में खासा आक्रोश देखा जा रहा है। इस मामले में निर्माण एजेंसी पर कमिशन और धांधली के आरोप लगाए गए हैं।

## विनेकी पंचायत में भी गड़बड़ी के आरोप



अमरवाड़ा जनपद की ग्राम पंचायत विनेकी में भी फर्जी आहरण सहित अन्य कामों में धांधली और गड़बड़ी के आरोप लगाए गए हैं। बताया जा रहा है कि फर्जी बिल लगाकर अनाप-शनाप राशि आहरित करने और कमीशन के चक्कर में घटिया निर्माण कार्य सहित मनरेगा में भी गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। हालांकि देखना होगा खबर प्रकाशन के बाद संबंधित अधिकारी इन पर क्या कार्रवाई कर पाते हैं।


## 60वा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न 512 मरीजो का पंजीयन, 492 मरीजों का उपचार हुआ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर आयोजित किए जा रहे स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला में 60 वा स्वास्थ्य शिविर अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के मानेगांव में सम्पन्न हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती 25 दिसंबर तक चलने वाले नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 512 मरीजो ने पंजीयन कराया जिसमें 492 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित की गई। जांच में पाये गये 20 गंभीर मरीजो को रेफर किया गया।

स्वास्थ्य शिविर को रोटरी क्लब के अध्यक्ष दीपक खंडेलवाल एवं चंद्रकुमार (चंदू जैन) ने संबोधित किया उन्होंने सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों की सराहना की। शिविर में प्रमुख रूप से रोटरी क्लब के अध्यक्ष दीपक खंडेलवाल, रोगी कल्याण समिति के सदस्य चंद्रकुमार (चंदू जैन), मंडल अध्यक्ष सोनू सरस्वार, कमलेश वर्मा, शैलेंद्र पटेल वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## 61 वा स्वास्थ्य शिविर आज मडई में

अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के के अंतर्गत ग्राम मडई में आज 20 नवंबर को 61 वा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। बटकाखापा भाजपा मंडल के अध्यक्ष संतोष यादव ने क्षेत्र के नागरिकों से स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर जांच कराकर इलाज कराने की अपील की है।



# रेलवे की परामर्शदात्री समिति में सांसद प्रतिनिधि बने सत्येन्द्र ठाकुर



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** ज़िले के सांसद विवेक बंटी साहू द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल की मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के लिए भाजपा विधि प्रकोष्ठ के ज़िला संयोजक सत्येन्द्र ठाकुर के नाम की अनुशंसा की है। श्री ठाकुर सांसद प्रतिनिधि के रूप में नागपुर मंडल की मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति में सांसद प्रतिनिधि के रूप में ज़िले का प्रतिनिधित्व करेंगे और ज़िले के रेल विकास के मुद्दों को डी आर एम के समक्ष रखेंगे और सांसद के माध्यम में से ज़िले के रेल यात्रियों के हितों के विषयों को रेल मंत्री के सम्मुख प्रस्तुत करेंगे श्री ठाकुर का कार्यकाल दो वर्षों का होगा इसके पहले श्री ठाकुर 3 बार बिलासपुर ज़ोन के और एक बार सेंट्रल रेलवे के डी आर यू सी सी मेम्बर रह चुके है।

श्री ठाकुर को इस उपलब्धि के लिए लोकसभा प्रबंधन समिति के सदस्य अधिवक्ता मुकुल सोनी, ज़िला अधिवक्ता संघ के सचिव नंदकिशोर साहू, अमित मेहता, परिमल हलदुलकर, पीयूष शर्मा, आनंद वाजपेयी, दीपक सिंह, रवीन्द्र उईके, आशीष सोनी, अजय देशमुख, देशराज सूर्यवंशी, श्रीकान्त मालवी आदि ने बधाई दी है व सांसद विवेक बंटी साहू के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# सम्यक संयम समाधि महामहोत्सव आयोजित



**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** चतुर्दिवसीय रत्नत्रय महोत्सव श्री भयधिपनिक ममल पाहुड़ जी ग्रंथाधिराज की फूलनाओं का अस्थाप तिलक महामहोत्सव एवं सम्यक संयम समाधि महामहोत्सव का आयोजन 15, 16, 17 एवं 18 नवम्बर को राम मंदिर प्रांगण में आयोजित हुआ था जिसका समापन सोमवार को 3 रजत जिनवाणी पालकी शोभायात्रा एवं पात्र भावना के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ब्रह्मचारी भैया धर्मेंद्र ब्रह्मचारिणी दीदी, सरला दीदी, ब्रह्मचारिणी किरण दीदी का मंगल सानिध्य मिला और जिन्होंने प्रवचन दिए है और सुबह शाम आध्यात्म की गंगा प्रभावित होती रही।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजन परिवार प्रमोद कुमार, महेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार, सानू मानू ने बताया कि चार दिवसीय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छिंदवाड़ा जिला सहित सिलवानी, भोपाल, ग्यारसपुर, विदिशा, दमोह, पटेरा, जबलपुर, शिवानी सहित अन्य स्थानों से जैन समुदाय के लोग पहुंचे थे यहां सुबह-शाम श्री ममल पाहुड़ जी ग्रंथाधिराज की गाथाओं का वाचन हुआ और पंडित ब्रह्मचारी धर्मेंद्र, ब्रह्मचारिणी दीदी सरला, ब्रह्मचारिणी किरण दीदी का द्वारा प्रवचन दिए गए वहीं सोमवार को ब्रह्मचारी भैया वैराग्य मंगल सानिध्य मिला है वहीं माह महोत्सव के दौरान स्थापित मंगल कलश को आयोजक परिवार को दिया गया और बहुत-बहुत मंगल अनुमोदना की गई।

ब्रह्मचारिणी आध्या दीदी, ब्रह्मचारिणी आस्था दीदी, ब्रह्मचारिणी श्रद्धा दीदी, ब्रह्मचारिणी प्रज्ञा दीदी, ब्रह्मचर्य निष्ठा दीदी, रागिनी दीदी, ब्रह्मचारी उषा दीदी, भैया मनीष ब्रह्मचारी, राकेश ब्रह्मचारी सुरेश का सहयोग मिला है।

कार्यक्रम के समापन के अवसर पर कार्यक्रम स्थल श्री राम मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा निकाली गई जो अमरवाड़ा नगर के मुख्य मार्ग को आजाद वार्ड, शहीद चौक, गज बाजार, सुभाष वार्ड, गांधी चौक होती हुई निकली जगह-जगह जैन समाज के लोगों ने और नगर वासियों ने मां जिनवाणी की बड़े भक्ति भाव के साथ आरती की और कार्यक्रम स्थल में पहुंचें।

# कमलनाथ के कारण जानता हूं छिंदवाड़ा को : कुमार विश्वास



## डॉ. कमलनाथ के 78 वें जन्मदिवस पर दशहरा मैदान में हुआ अ.भा. कवि सम्मेलन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पूर्व मुख्य मंत्री कमलनाथ के जन्मदिवस पर निनाद ललित कला समिति द्वारा दशहरा मैदान में सोमवार को आयोजित कवि सम्मेलन में हास्य रस की फुहार बरसती रही। गीत-गजल का माधुर्य और श्रृंगार रस की कविताओं की सुरीली तान गूंजी तो ओजपूर्ण रचनाओं को सुनाकर सुप्रसिद्ध कवियों ने समा बांध दिया। देश के सुविख्यात कवि, गीतकार, डॉ. कुमार विश्वास के गीतों की रसवर्षा का श्रोताओं ने भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ उपस्थित रहे। कवि सम्मेलन में दिनेश बाबरा एवं रमेश मुस्कान ने हास्य रचनाओं से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं प्रीति पांडे ने श्रृंगार रस के गीत एवं कविता तिवारी ने ओजस्वी रचनाएं प्रस्तुत कीं। प्रारंभ में आमंत्रित कवियों का स्वागत विधायकद्वय विजय चौरे एवं सुजीत चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गंगा प्रसाद तिवारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, गोविंद राय, पूनाराम बाबिस्ताले आदि ने किया। स्वागत कार्यक्रम का संचालन आनंद बक्षी ने किया। कवि सम्मेलन के प्रारंभ में कविता तिवारी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में डॉ. कुमार विश्वास ने कहा कि मुझ जैसे लोग छिंदवाड़ा को सिर्फ कमलनाथ के कारण ही जानते हैं। छिंदवाड़ा की पहचान विश्व में कमलनाथ के कारण रेखांकित हुई।

**दूसरी बार छिंदवाड़ा आया हूं**

कवि सम्मेलन के दौरान डॉ. कुमार विश्वास ने कहा कि वे एक बार मीडिया के आयोजित कवि सम्मेलन में के आयोजन में आया था छिन्दवाड़ा और अब दूसरी बार आया हूं कमलनाथ के संबंधों और आत्मीय प्यार के कारण। नहीं तो कोई लाला के खजाने में दम नहीं की कोई जन्मदिन में बुला लें।

**कुमार विश्वास कांग्रेस-बीजेपी के नहीं, राम-हनुमान के**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि मेरा कुमार विश्वास से बहुत पुराना संबंध है। ये न कांग्रेस के हैं, न बीजेपी के, ये राम और हनुमान के हैं।

**इस धरती से उस अंबर तक दो ही चीज गजब की हैं**

डॉ. कुमार विश्वास के सुप्रसिद्ध गीत- कोई दीवाना कहता है, कोई पागल समझता है, मगर धरती की बेचैनी को बस बादल समझता है। को उपस्थित श्रोताओं ने तालियों की गडगड़ाहट के बीच दोहराया। उनकी इन पंक्तियों पर देर तक तालियां गूंजती रहीं। मोहब्बत अहसासों की एक पावन सी कहानी है, कभी कबीरा दीवाना था, कभी मीरा दीवानी है। उनकी यह रचना भी खूब सराही गई। इस धरती से उस अंबर तक दो ही चीज गजब की हैं, एक तो तेरा भोलापन है, एक मेरा दीवानापन। उन्होंने रचनाएं-इतनी रंग बिरंगी दुनिया, दो आंखों में कैसे आए और कब तक गीत सुनाऊं राधा, कब तक गीत सुनाऊं मथुरा छूटी, गोकुल छूटा, छूटी द्वारिका, इंद्रप्रस्थ ठुकराऊं की मधुर प्रस्तुति दी।

**बलिदान रहेगा सदा अमर मर्दानी लक्ष्मीबाई का**

कविता तिवारी की ओज रस की कविताओं ने सम्मेलन में देशभक्ति के रंग भरे। उनकी रचना- इतिहास साक्षी बन जाता है, हर अकथनिय सच्चाई का, बलिदान रहेगा सदा अमर मर्दानी लक्ष्मीबाई का....., को श्रोताओं ने भरपूर सराहा। उन्होंने बेटियों पर अपनी प्रसिद्ध कविता सुनाई-जिम्मेदारियों का बोझ परिवार पे पड़ा तो ऑटो, रिक्शा, ट्रेन को चलाने लगी बेटियां। इससे पूर्व हास्य कवि दिनेश बाबरा ने अपनी व्यंग्य रचनाओं- एक बार हमारे पिताजी हमें स्कूल में जमा कराने गए आज हमें गुरु से ज्यादा गूगल पर भरोसा है से श्रोताओं को खूब हंसाया।

प्रीति पांडे के श्रंगार रस के गीत- अधूरी बात में तुम साथ दो तो और बेहतर है, कठिन हालात में तुम साथ दो तो और बेहतर है पर देर तक श्रोताओं की तालियों की गडगड़ाहट गूंजती रही। हास्य कवि रमेश मुस्कान ने पढ़ा- मोहब्बत सिर्फ खर्चों की बड़ी लंबी कहानी है, कभी फिक्र दिखानी है, कभी साड़ी दिलानी है। उन्होंने बेरोजगारी पर व्यंग्य रचना प्रस्तुत की। इस अवसर पर दशहरा मैदान में हजारो की संख्या में उपस्थित दर्शको ने कमलनाथ के जन्मदिवस पर तालियों से स्वागत किया तो वहीं आंचलकुण्ड वाले दादाजी भी मंच पर पहुंचे थे। कमल-नकुलनाथ अंतिम क्षणों तक कवि सम्मेलन में बैठे रहे। कार्यक्रम के उपरांत आनंद बक्षी ने सभी श्रोताओं का, कार्यकर्ताओं का, मीडिया का, महिलाओं का एवं नगर निगम, पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम के समापन की विधिवत घोषणा की गई। अनुशासन के लिए कवियों ने भी सराहा था।

**छाया- शेख अल्फाज**

# तमिया में बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण

## केबिनेट मंत्री संपत्तिया उइके ने किया माल्यार्पण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन केबिनेट मंत्री एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके अपने अल्प प्रवास के दौरान छिंदवाड़ा पहुंची। इस अवसर पर तामिया में भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उइके भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।



### छिंद से बने मोर मुकुट से हुआ स्वागत

इस दौरान दोनों विशिष्ट अतिथियों लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती उइके और पूर्व राज्यपाल सुश्री अनुसइया उईके का छिंद से बने मोर मुकुट और पारंपरिक गोंडी नृत्य के माध्यम से भव्य स्वागत किया गया।

### जिले में पहली बार बिरसा मुंडा की मूर्ति स्थापित

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने इस अवसर पर कहा कि यह गर्व की बात है कि छिंदवाड़ा जिले में पहली बार भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति स्थापित की गई है।

उन्होंने बिरसा मुंडा को महान सेनानी बताते हुए कहा कि वे आदिवासी समाज के हितों के लिए ब्रिटिश हुकूमत से लड़े और आज उनके जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय बिरसा मुंडा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

### पूर्व राज्यपाल ने दी बच्चों को सीखने की सलाह

पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उइके ने कहा कि बिरसा मुंडा न केवल एक सेनानी थे, बल्कि समाज के हितों के लिए उन्होंने अनुकरणीय कार्य किए। उन्होंने बच्चों और युवाओं से आग्रह किया कि वे बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लें और समाज के उत्थान में योगदान दें।

इस दौरान जिला आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य श्री शेषराव यादवए मण्प्रण्भारिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दिनेश कुमार अंगारिया, पूर्व विधायक नथनशाह कवरेती, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांता ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा की कुलपति डॉ. लीला भलावी, एस.डी.एम. जुन्नारदेव कामिनी ठाकुर सहित अन्य अधिकारी, आदिवासी समाज के धर्म गुरू, विद्यार्थीगण और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# पीजी कॉलेज के नवागत प्राचार्य का किया स्वागत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शास.स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के नवागत प्राचार्य डॉ. बाय.के. शर्मा का सोमवार को शहर के समाजसेवियों राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय युवा योजना, यूथ होस्टल एसोसिएशन आफ इंडिया, सतपुड़ा इकाई, जन अभियान परिषद के बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट, परामर्श दाताओं सहित शहर के गणमान्य जन युवा साथियों ने पी.जी. कॉलेज पहुंचकर नवागत प्राचार्य को बुके एवम पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया। एवं कहा की आपने लबे समय तक सभी सेवाभावी संथाओ में मार्गदर्शन दिया है। राष्ट्रीय सेवा योजना में कार्यक्रम अधिकारी एवम जिला संगठक पद पर रहते हुए अनेकों सेवाभावी प्रकल्पो से जुड़े रहे आध्यात्मिक संस्था आर्ट ऑफ लिविंग, पतंजलि, योग समिति जैसी अंतराष्ट्रीय



संस्थाओं से जुड़े है। आप जिले का अग्रणी महाविद्यालय के प्रमुख होने के नाते बच्चों के सर्वांगीण विकास के अपना योगदान मिलेगा आपको प्राचार्य पद ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दी। स्वागत करने में जन अभियान परिषद, एनएसएस, एन.बाय.पी., बाय. एच.ए.आई. सहित शहर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियो में प्रदीप वाल्मीकि, विनोद तिवारी, श्यामलराव, लता नागले, तृप्ति सिंह, जय प्रकाश सूर्यवंशी, अशीष साहू, हिमांशु सिंह, मनोज अग्रवाल, राकेश सिंह, अशीष सोनी, अमित बरखनिया, चीतेश डेहरिया, शोभना, कामेश सूर्यवंशी, जयश्री घोड़े, रेणुका उपासनी, रघुबीर सिंह तोमर सहित अन्य समाजसेवी बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट उपस्थित थे।

**सार समाचार**

# मप्र विद्युत मण्डल पेंशनर्स समाज का दीपावली मिलन समारोह संपन्न

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विद्युत मंडल पेंशनर्स समाज का दीपावली मिलन समारोह श्रम कल्याण केन्द्र छिन्दवाड़ा में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम अतिथि सदस्य सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता एस.के. चावला, राजेन्द्र कुमार मरकाम एवं कार्यपालन अभियंता बी.के. कस्तूरे, विलास कुमार महाजन, एस.पी. अग्रवाल, एच.सी. जैन, ए.के. नाहतकर द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा को माल्यार्पण / पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अध्यक्ष ओ.पी. पांडेय द्वारा सभी पेंशनरों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाऐं दी गयी। सचिव एस.जी. माकड़े द्वारा पेंशनरों की लंबित समस्याओं न्यायालयीन प्रकरणों, विभिन्न बैंकों में संचालित पेंशनरों के बचत खाते को पेंशन पैकेज खाते में परिवर्तित करने एवं ऊर्जा मंत्री प्रघुम्न सिंह तोमर द्वारा विद्युत मंडल के सभी नियमित, संविदा कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिये कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना की घोषणा किये जाने बाबद् विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

ऊर्जा मंत्री द्वारा विद्युत मंडल के कर्मचारियों/पेंशनरों को दीपावली की शुभकामनाओं के साथ उपरोक्त कैशलैस स्वास्थ्य



बीमा योजना का तोहफा दिया गया है जिसमें अंशदान 500 रूपये पर 5 लाख रूपये, रूपये 1000 पर 10 लाख रूपये एवं रूपये 2000 पर 25 लाख रूपये के नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा का लाभ रजिस्टर्ड चिकित्सालयों से कर्मचारियों/पेंशनरों एवं उनके आश्रितों को मिलेगा। उपरोक्त योजना के लागू होने पर विद्युत मंडल कर्मचारियों / पेंशनरों द्वारा माननीय मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री म.प्र. शासन का आभार व्यक्त किया गया है।

कार्यक्रम में जे.एस. सेंगर, टी.डी. धारपुरे, आर.के. गुप्ता, गजानंद गढ़ेवाल, आर.व्ही. राव, मोहनलाल पराड़कर, अशोक कांवले, भगवंतराव सोनारे, नामदेव लोखंडे, भगवतराव ठाकरे, शेषराव ठाकरे, व्ही.के. पेठने, डी.व्ही. निकाजू, साहबराव पाटनकर, मनोहर राऊत एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में एस.आर. आलोनकर द्वारा आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# एमएलबी स्कूल की छात्राओं को विषय विशेषज्ञों ने बताए नशे के दुष्परिणाम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नशा नाश की जड़ है इससे आप सभी को बचना चाहिए पहले शौक के लिए फिर बन जाती है नशे की लत इससे जितनी दूरी बनाए उतना अच्छा है। उक्त बातें नशा मुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा द्वारा मध्यप्रदेश शासन की मंशानुसार जिला कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन, राज्य स्तरीय प्रशिक्षित नशा मुक्त भारत



अभियान के मास्टर ट्रेनरद्वय एवम परामर्शदाता विनोद तिवारी, लता नागले, जन अभियान परिषद की मेंटर्स तृप्ति सिंह के नेतृत्व में बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के समाजसेवियों ने सोमवार को शहर के मध्य स्थित महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदवाड़ा में प्राचार्य श्रीवास्तव मैडम, मंसूरी, गरिमा बत्रा की उपस्थित में सभी छात्राओं को नशे के दुष्परिणाम से अवगत कराया गया।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं 160 आवेदको की समस्याएं



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 160 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज तहसील हर्रई निवासी नर्मदा प्रसाद पिता तुलसीराम लखेरा जो श्रवण बाधित दिव्यांग हैं, द्वारा दिये गये आवेदन पर कलेक्टर श्री सिंह द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये उन्हें डिजिटल कान की मशीन प्रदान की गई। डिजिटल कान की मशीन पाकर श्रवण बाधित दिव्यांग नर्मदा प्रसाद ने अपनी खुशी जाहिर की और कलेक्टर एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इसी प्रकार जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्राम मेहगोरा निवासी राजकुमारी वर्मा ने डूब क्षेत्र भूमि एवं फसल नुकसान का मुआवजा राशि दिलाने, ग्राम उपली निवासी बजारी मेहलवंशी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम रानीकामठ के ग्रामवासियों ने ग्राम में बिजली सुधार करानेए ग्राम सेमरटोला की ग्राम पंचायत अम्बाझिरकला के ग्रामवासियों ने विद्युत लाईन का विस्तार कर कृषि पम्प कनेक्शन दिलाने, ग्राम खैरीतायगांव की सरिता बाजनघाटे ने अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने, ग्राम कोल्हिया निवासी अंजुम अंसारी ने पति की मृत्यु उपरांत संबल योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता दिलाने, ग्राम नंदौरा के भैयालाल ने भूमि का सीमांकन करने, छिंदवाड़ा नगर के खिरका मोहल्ला की सुश्री निशा झा ने अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने, ग्राम अजनिया के रहवासियों ने मोक्षधाम के लिये शासन से भूमि आवंटन कराने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये।

इस दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, ए.डी.एम. के.सी. बोपचे, संयुक्त कलेक्टर ज्योति ठाकुर, एस.डी.एम. सुधीर जैन, डिप्टी कलेक्टर राहुल कुमार पटेल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई, जबकि अन्य सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जनसुनवाई में शामिल हुये।

# सांई बाबा रजत महोत्सव में प्रवीण नाथ महराज के प्रवचन होंगे

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सच्चिदानंद सेवा समिति, विवेकानंद कॉलोनी, छिंदवाड़ा द्वारा श्री शिर्डी साईं बाबा मंदिर के स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य एवं दिव्य रजत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।



सच्चिदानंद सेवा समिति के कार्यक्रम सचिव आनंद बक्षी ने बताया कि रजत महोत्सव का आरंभ भगवान श्री गणेश की आराधना से किया जा रहा है। दिनाँक 20 नवम्बर दिन बुधवार को दोपहर 3 बजे शिर्डी साईं मंदिर, विवेकानंद कॉलोनी के साईं प्रार्थना भवन में प्रख्यात विद्वान रेणुका देवी संस्थान इंदौर के अधिष्ठाता, यज्ञाचार्य, नाथ सम्प्रदाय के विद्वान वक्ता आचार्य प्रवीणानाथ पानसे महाराज, शास्त्रोक्त एवं रोचक विषय श्री गणपति अथर्वशीर्ष एवं विज्ञान पर प्रवचन देंगे।

यह उल्लेखनीय है कि आचार्य पानसे महाराज शास्त्र एवं विज्ञान की व्याख्या सहज सरल भाषा मे प्रामाणिकता के साथ करते है। सच्चिदानंद सेवा समिति ने समस्त भक्तजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो कर अद्भुत प्रवचन श्रवण कर पुण्यार्जन का आग्रह किया है।

# विश्व शौचालय दिवस पर हुआ कार्यक्रम, पहुंचे कलेक्टर व सीईओ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार द्वारा जिले के विकासखंड जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत खिड़किकनेरी में आज विश्व शौचालय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता संबंधी मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही स्वच्छता साथी व स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सचिव, सरपंच, जीआरएस स्वच्छता मित्र को सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत खिड़किकनेरी के स्वच्छता पार्क का भी निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम में सीईओ जनपद पंचायत जुन्नारदेव रश्मि चौहान, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण सुधीर कृषक सहित अन्य अधिकारी व ग्रामीणजन उपस्थित थे ।



# वीरांगना लक्ष्मीबाई की जयंती पर स्त्री शक्ति दिवस पर अभाविप ने निकाली मणिकर्णिका शैर्या यात्रा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छिन्दवाड़ा नगर द्वारा वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती स्त्री शक्ति दिवस के अवसर पर माणिकर्णिका शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। इस शौर्य यात्रा का शुभारंभ शुक्ला ग्राउंड से किया गया शुक्ला ग्राउंड से प्रारंभ होकर ईएलसी चौक, पोला ग्राउंड, फव्वारा चौक, गर्ल्स कॉलेज, इंदिरा तिराहा से होती हुई पुलिस ग्राउंड में यात्रा का समापन किया गया। इस शौर्य यात्रा में बड़ी संख्या में छात्राएं बहने महारानी लक्ष्मीबाई की वेशभूषा में उपस्थित रही। यात्रा के समापन के पश्चात पुलिस ग्राउंड में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अतिथि उद्धबोधन किया गया। अतिथि के रूप में भगवान श्रीचंद पब्लिक स्कूल की संचालिका डॉ. बरखा मंजीत सिंह बेदी उपस्थित रही। मंचीय कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि द्वारा मां सरस्वती, स्वामी विवेकनंद एवं महारानी लक्ष्मीबाई जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, तत्पश्चात छात्राऐं बहनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद अतिथि के द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई के शौर्यता पराक्रम एवं समाज जीवन में बढ़ती महिलाओं की भूमिका विषय पर उपस्थित जनों को संबोधित किया गया। नगर मंत्री सुश्री अनुष्का गुप्ता द्वारा शौर्य यात्रा एवं कार्यक्रम में उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संगठन मंत्री सत्यम मानिकपुरी, मंजीत बेदी, जिला सयोंजक मोहित डेहरिया, नगर अध्यक्ष आनन्द नेमा, नगर मंत्री अनुष्का गुप्ता, प्रांत कार्यकारणी सदस्य प्रतिमा डोहले, अतुल साहू, पीयूष श्रीवास, गौरीशंकर ठाकुर, फिरदौस अंजुम, शिवांगी परतेती, शिवानी मंडराह, लक्ष्मी बादशाह, सृष्टि परतेती अन्य कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में छात्राएं बहने व समाज के वरिष्ट

# पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए कांग्रेसियों ने

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राष्ट्रनेत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा दो स्थानों पर आयोजन किया गया। इंदिरा तिराहा स्थित इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रीमती गांधी के कृतित्व पर प्रकाश डाला।

कांग्रेस के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने इंदिरा प्रियदर्शनी मैदान पहुंचकर स्व. इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, पांढुर्ना जिला प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पप्पू यादव, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सुरेश कपाले, समन्वयक जाकिर परवेज, संतोषी गजभिये, जगदीश झांझोड़, पार्षद नदीम अहमद, अम्बर दाढ़े, नंदा ठाकरे, आशुतोष श्रीवास्तव, आनंद सरेठा आदि

